12 घंटे की बारिश ने खोली शहर की जल निकासी की पोल

कई कॉलोनियां जलमग्न, शास्त्री कॉलोनी, पुरानी बस्ती, रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल समेत 10 से 12 क्षेत्रों में दो फीट तक भरा पानी

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 4 अगस्त। जिले में सोमवार देर रात से शुरू हुई बारिश का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा। करीब 12 घंटे तक रुक-रुककर हुई तेज और मध्यम बारिश ने एक ओर जहां शहर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी, वहीं दूसरी ओर किसानों के चेहरों पर मुस्कान ला दी। लगातार हुई वर्षा से शहर के कई

किसानों के लिए बनी राहत, खरीफ फसलों को मिला जीवनदान

निचले इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं लंबे अंतराल के बाद हुई बारिश से खरीफ फसलों को नई संजीवनी मिली और किसानों ने राहत की सांस ली।

लगातार बारिश के कारण शास्त्री कॉलोनी, पुरानी बस्ती, रेलवे स्टेशन क्षेत्र, जिला अस्पताल परिसर, डॉक्टर लाइन, राजहोली सहित शहर की लगभग 10 से 12 कॉलोनियों एवं मोहल्लों में दो फीट तक पानी भर गया। कई स्थानों पर पानी लोगों के घरों में घुस गया, जबकि सड़क किनारे खड़े चार पहिया वाहनों में भी पानी भरने की घटनाएं सामने आईं। जलभराव के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया और कई प्रमुख मार्गों पर आवागमन भी प्रभावित रहा।

रात दो बजे के बाद तेज हुई बारिश, सुबह तक चलता रहा दौर : जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात करीब दो बजे के बाद तेज बारिश शुरू हुई, जो पूरी रात और मंगलवार सुबह तक रुक-रुककर जारी रही। लगातार हुई वर्षा से शहर के निचले इलाकों में पानी जमा हो गया। कई जगहों पर सड़क और नालियों का अंतर खत्म हो गया, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल : जलभराव की स्थिति बनने पर स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका को सूचना दी, लेकिन लोगों का आरोप है कि समय पर राहत नहीं मिली। कई नागरिकों का कहना है कि शिकायत के बावजूद संबंधित कर्मचारियों ने फोन तक रिसीव नहीं किए। मजबूरी में लोगों को अपने स्तर पर घरों और गलियों से पानी निकालने की व्यवस्था करनी पड़ी। इस स्थिति के बाद नगर पालिका की मानसून पूर्व तैयारियों पर सवाल उठने लगे हैं।

नालों की सफाई नहीं होने से बढ़ी परेशानी : स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बरसात से पहले नालों और नालियों की नियमित सफाई कराई जाती तो जलभराव की नौबत नहीं आती। नागरिकों ने शहर की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने, नालों की नियमित सफाई कराने तथा जलभराव वाले क्षेत्रों के स्थायी समाधान की मांग प्रशासन से की है।

किसानों के लिए राहत, फसलों को मिली नई ऊर्जा : शहर में जहां बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ाईं, वहीं ग्रामीण अंचलों में यह किसानों के लिए राहत लेकर आई। पिछले एक सप्ताह से बारिश नहीं होने के कारण ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, तिल और धान की फसलें प्रभावित होने लगी थीं। मंगलवार को हुई वर्षा से खेतों में पर्याप्त नमी पहुंची, जिससे फसलों की बढ़वार को गति मिलेगी। किसानों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों तक इसी तरह संतुलित बारिश होती रही तो खरीफ की फसल का उत्पादन बेहतर होने की उम्मीद है।

अगले दो-तीन दिन और बारिश के आसार

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार जिले में आगामी दो से तीन दिनों तक बादल छाए रहने और रुक-रुककर बारिश होने की संभावना है। ऐसे में प्रशासन ने निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और जलभराव वाले स्थानों पर अनावश्यक आवाजाही से बचने की सलाह दी है।

जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने सुनीं 28 आवेदकों की समस्याएं

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 4 अगस्त। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में अपर कलेक्टर एल.के. पाण्डेय ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 28 आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं।

उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान गंभीर बीमारी के उपचार, विद्युत बिलों में संशोधन, हैंडपंपों के संधारण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सड़क दुर्घटना सहायता, हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ, बीपीएल राशन कार्ड तथा भूमि पर अवैध कब्जे से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन पर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा आवेदकों को की गई कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है, इसलिए सभी विभाग गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ प्रकरणों का निराकरण करें।

बारिश के मौसम में डेंगू-मलेरिया से रहें सतर्क

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 4 अगस्त। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा के निर्देशन में वर्षा ऋतु के दौरान फैलने वाले वाहक जनित रोगों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक अभियान शुरू कर दिया है। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में मलेरिया, डेंगू और चिकुनगुनिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य एवं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर फीवर सर्वे, लार्वा सर्वे तथा लार्वा विनष्टीकरण का कार्य किया जा रहा है। साथ ही आमजन से डेंगू

स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

और मलेरिया से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की गई है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मानसून के दौरान जगह-जगह पानी जमा होने से मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ जाती है, जिससे डेंगू, चिकुनगुनिया और मलेरिया जैसे रोग फैलने की आशंका बढ़ जाती है। विभाग ने बताया कि डेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर सफेद धारियों वाला होता है, जिसे टाइगर मच्छर भी कहा जाता है। यह साफ और ठहरे हुए पानी में पनपता है, इसलिए घरों और आसपास पानी जमा नहीं होने देना चाहिए।

घर और आसपास पानी जमा न होने दें : मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एस. यादव तथा जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. शिवराम सिंह कुशवाह ने नागरिकों से अपील की है कि डेंगू से बचाव के लिए पूरी बांह के कपड़े पहनें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें तथा मच्छर भगाने वाले रिपेलेंट या अगरबत्ती का प्रयोग करें। घर के आसपास गड्ढों में पानी जमा न होने दें। यदि पानी की निकासी संभव न हो तो उसमें जला हुआ ऑयल या मिट्टी का तेल डालें।

तेज बुखार के साथ दिखें ये लक्षण तो तुरंत कराएं जांच

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि डेंगू के मरीजों में तेज बुखार, तेज सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द, शरीर पर लाल चकत्ते तथा गंभीर स्थिति में नाक और मसूड़ों से खून आने जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर मरीज को तुरंत नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य संस्था में जाकर चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। विभाग ने सलाह दी है कि बुखार के दौरान मरीज को अधिक से अधिक पानी, फलों का रस, चावल का माड़ तथा ओआरएस का घोल पिलाया जाए। बिना चिकित्सकीय सलाह के एस्पिरिन, सैलिसिलेट समूह अथवा अन्य दर्द निवारक दवाओं का सेवन नहीं करना चाहिए।

डेंगू मरीज को मच्छरदानी में ही सुलाएं

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि परिवार के किसी सदस्य को डेंगू की पुष्टि होती है तो उसे अनिवार्य रूप से मच्छरदानी के भीतर ही सुलाएं। ऐसा नहीं करने पर संक्रमित मरीज को काटने वाले मच्छर परिवार के अन्य सदस्यों तक भी संक्रमण फैला सकते हैं। विभाग ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे फीवर एवं लार्वा सर्वे में पूर्ण सहयोग करें और डेंगू-मलेरिया मुक्त भिंड बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

ग्रोइंग पीपल फाउंडेशन ने मरीजों और वृद्धाश्रम में बांटा नि :शुल्क अल्पाहार

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 4 अगस्त। मानव सेवा को समर्पित सामाजिक संस्था 'ग्रोइंग पीपल फाउंडेशन' द्वारा जनहित एवं सेवा कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को स्थानीय सिविल अस्पताल लहार एवं वृद्धाश्रम में नि:शुल्क अल्पाहार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉ. विजय शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

संस्था के पदाधिकारियों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ-साथ लहार स्थित वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को केले

एवं बिस्कुट के पैकेट वितरित कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान मरीजों एवं बुजुर्गों ने संस्था की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि यह सेवा अभियान किसी एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रत्येक मंगलवार को सिविल अस्पताल में भर्ती जरूरतमंद मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए नियमित रूप से नि:शुल्क अल्पाहार वितरण किया जाएगा। संस्था का उद्देश्य अस्पताल में उपचार के लिए दूर-दराज से आने वाले गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों और उनके परिजनों को राहत पहुंचाना तथा समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। संस्था ने क्षेत्र के सामाजिक संगठनों, दानदाताओं एवं समाजसेवियों से इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने की अपील करते हुए कहा कि जनसहयोग से ऐसे सेवा कार्यों का दायरा और अधिक बढ़ाया जा सकता है।

कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक श्रीकृष्ण कुमार कुशवाह एवं सतीश कुमार आर्य (यूडीआई, बीएसएफ), प्रदेश अध्यक्ष गोविंद कुमार आर्य, विनोद कुमार, आदर्श दोहरे, रमेश जाटव (सरपंच, रुरई), तेज सिंह कनेरिया, मनीष जाटव (दबोह), उदय सिंह, अविलाख सर (जेएमडी कोचिंग क्लासेज संचालक), सतेन्द्र उर्फ लला महेश्वरी (शासकीय ठेकेदार एवं प्रॉपर्टी डीलर), आकाश बघेल, अजेश कुशवाह, रविन्द्र सिंह कुशवाह, मोहित प्रजापति, योगेन्द्र मेहरा, शिवम् राठौर, रामवरन बघेल, आशीष रायपुरिया, अभिषेक आज़ाद, बिपिन बघेल, आदित्य सिंह दोहरे, प्रदीप कुशवाह, रीतेश कुशवाह सहित संस्था के अनेक सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

बिजली संकट पर कांग्रेस का अल्टीमेटम, सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 4 अगस्त। लहार विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और किसानों को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति नहीं मिलने के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस ने बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अनुरुद्ध प्रताप सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के डीजीएम को ज्ञापन सौंपकर बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि लहार विधानसभा के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लंबे समय से अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। इससे किसानों की धान सहित अन्य फसलें सिंचाई के अभाव में प्रभावित हो रही हैं, वहीं घरेलू उपभोक्ताओं, विद्यार्थियों, व्यापारियों और छोटे उद्योगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि कई गांवों में निर्धारित समय के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है, जिससे खेतों में लगे विद्युत पंप बंद पड़े हैं और किसानों की मेहनत पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। भीषण गर्मी और उमस के बीच लगातार बिजली गुल रहने से आमजन का जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है।

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की 140वीं जयंती मनाई

लहार, 4 अगस्त। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की 140वीं जयंती के अवसर पर लहार नगर में गहोई वैश्य समाज द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाइक रैली से हुई, जिसमें समाज के बड़ी संख्या में युवक एवं वरिष्ठजन शामिल हुए। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त पार्क पहुंची, जहां उनकी प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

भटपुरा चौराहा बना 'मौत का चौराहा'

बांके तिगुनायक लहार
लहार, 4 अगस्त। लहार नगर के नवीन बायपास भटपुरा चौराहा अब लोगों के बीच 'मौत का चौराहा' बनता जा रहा है। बीते दो सप्ताह के भीतर इसी चौराहे और आसपास के बायपास क्षेत्र में हुए तीन भीषण

दो सप्ताह में तीन भीषण हादसे, चार लोगों की मौत, जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठे सवाल

सड़क हादसों में चार लोगों की जान जा चुकी है, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हुई है। लगातार हो रहे हादसों के बाद भी न तो यातायात व्यवस्था में कोई सुधार किया गया है और न ही पुलिस एवं संबंधित विभागों द्वारा कोई पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। इससे आम जनता में भारी आक्रोश है।

19 जुलाई : स्कॉर्पियो की टक्कर से दो युवकों की मौत : 19 जुलाई को भटपुरा चौराहे पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी थी। इस दर्दनाक हादसे में अभिषेक यादव (19 वर्ष) और राज यादव (14 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि प्रांशी यादव (18 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया था।

18 जुलाई: ट्रैक्टर की टक्कर से सोनू कुशवाह की मौत : इस घटना से एक दिन पहले, 18 जुलाई को इसी बायपास पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार सोनू कुशवाह (32 वर्ष) को टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सोनू कुशवाह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी।

लगातार हादसे, लेकिन जिम्मेदार बेखबर : लगातार तीन बड़े हादसों में चार लोगों की मौत के बाद भी भटपुरा चौराहे पर सुरक्षा के कोई विशेष इंतजाम नहीं किए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है, लेकिन न तो गति नियंत्रण के उपाय हैं और न ही पुलिस की नियमित निगरानी।

क्यों नहीं लगाए जा रहे बैरिकेड : क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि यदि भटपुरा चौराहे पर पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग, स्पीड कंट्रोल, चेतावनी संकेतक, नियमित यातायात निगरानी की व्यवस्था की जाए तो हादसों पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल दिखाई नहीं दे रही है।

शनिवार को फिर छिना एक परिवार का सहारा

इन दो हादसों के बाद भी सुरक्षा व्यवस्था नहीं सुधरी और शनिवार को फिर एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार शिवम श्रीवास्तव को टक्कर मार दी। बताया गया कि शिवम अपनी बाइक से गिरवासा जा रहे थे, तभी भटपुरा चौराहे पर तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि शिवम की उपचार के दौरान मौत हो गई।

बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दो घायल

नवभारत न्यूज
लहार, 4 अगस्त। लहार क्षेत्र में मंगलवार को एक और सड़क हादसे ने लोगों को झकझोर दिया। जनकपुरा मोहल्ले में अपने रिश्तेदारों के यहां 'पच' देकर लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को

ग्राम गोरा के समीप हुआ हादसा, 108 एम्बुलेंस की तत्परता से दोनों घायलों की बची जान

ग्राम गोरा के समीप किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद राहगीरों ने तत्काल 108

एम्बुलेंस और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची, जहां ईएमटी मनीष नायक एवं एम्बुलेंस चालक केश कुमार ने त्वरित प्राथमिक उपचार देकर दोनों घायलों को सुरक्षित लहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायलों की पहचान आकाश एवं सुमित के रूप में हुई है। दोनों युवक लहार से दतिया की ओर जा रहे थे। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा दोनों का उपचार किया जा रहा है। उनकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

अज्ञात वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार : हादसे के बाद टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामला दर्ज करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि 108 एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंचती तो घायलों की स्थिति और गंभीर हो सकती थी। एम्बुलेंस स्टाफ की त्वरित कार्रवाई से दोनों युवकों को समय रहते अस्पताल पहुंचाया जा सका।

लगातार बढ़ रहे सड़क हादसे

लहार-दतिया मार्ग पर लगातार हो रहे सड़क हादसे एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से दुर्घटना संभावित स्थानों पर प्रभावी यातायात व्यवस्था और नियमित निगरानी की मांग की है।

हत्या के प्रयास का आरोपी 24 घण्टे में गिरफ्तार

नवभारत न्यूज
मेहगांव, 4 अगस्त। रात्रि में करु उर्फ वेदप्रकाश निवासी कौहार ने घायल अवस्थआ में ट्रामा सीएचसी मेहगांव मे मौखिक रुप से रिपोर्ट की थी कि पेट्रोल डीजल के उधार पैसे मांगने को लेकर कौहार के आरोपी के साथ उसका झगडा हुआ था जिस पर आरोपी तथा उसके भाई ने उसे जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर कट्टे से फायर कर दिया था जिस पर थाना मेहगांव में अप. क्र0 215/26 धारा 109 (1), 296 (बी), 3 (5) बीएनएस का पंजीबद होकर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल के निर्देशन में तथा संजय कोच्छा के मार्गदर्शन में थाना मेहगांव पुलिस के व्दारा हत्या का प्रयास करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की। मुखबिर सूचना पर मौ रोड कौहार गांव के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार किया और आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक 315 बोर कट्टा, चले हुये कारतूस का खाली खोका बरामद किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत पर मेहगांव में जश्न

नवभारत न्यूज
मेहगांव, 4 अगस्त। दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्री घनश्याम सिंह की ऐतिहासिक एवं प्रचंड जीत पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मेहगांव द्वारा

लड्डू बांटकर जताई खुशी

भिंड मोड़ तिराहे पर विजय उत्सव मनाया गया। ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह निगम के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच आमजन को लड्डू वितरित कर जीत की खुशी साझा की। पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला।



इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह निगम ने कहा कि दतिया की जनता ने कांग्रेस पार्टी को अपना अमूल्य जनादेश देकर स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश की जनता लोकतंत्र, संविधान और जनहित की राजनीति के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल एक प्रत्याशी की नहीं, बल्कि संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि इस उपचुनाव में कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जनसंपर्क किया। विशेष रूप से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं भांडेर विधायक फूल सिंह बरैया ने लगातार गांव-गांव पहुंचकर जनता से संवाद स्थापित किया और संविधान की रक्षा तथा कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए चलाए जा रहे अभियान पर जनता ने अपना विश्वास व्यक्त किया है, जिसका परिणाम दतिया में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत के रूप में सामने आया है। कार्यक्रम में इलियास खान (एडवोकेट), माधो सिंह अर्गल, मनीष शिवहरे, बदन सिंह राठौर, बल्लू पाल (पार्षद), रामजीलाल रामा, पंचम सिंह (सरपंच), अशोक सिंह अर्गल, महेश बंसल, बचराम पवैया, ओमप्रकाश बरैया, शिवम आजाद, शिव सिंह पाठक, अशोक सिंह सखवार, जयराम गर्ग, डॉ. रामबरन सिंह, लक्ष्मण सिंह निगम, महेंद्र सिंह, विकास चौधरी, सुरेंद्र पाल, पंकज बंसल, प्रदीप बघेल, मनीष बघेल, संजू राठौर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।